सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
CENTRAL TO YOU SINCE 1911

क्षेत्रीय कार्यालय, सिवान | Regional Office, Siwan
क्षेका/ कृषि एवं सामाजिक बैंकिंग विभाग/2025-26/442 | दिनांक : 21.01.2026

**विषय : संविदा आधार पर एफ.एल.सी.(Financial Literacy Centre), सिवान, सारण और गोपालगंज हेतु काउंसलर की नियुक्ति।**

उपरोक्त विषय के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि हमारे बैंक के एफ.एल.सी., सिवान,सारण और गोपालगंज के सुचारु संचालन हेतु डायरेक्टर/काउंसलर (प्रभारी) पद पर संविदा आधार पर नियुक्ति किया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु पात्र एवं इच्छुक आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। नियुक्ति से संबंधित शर्तें एवं प्रावधान निम्नानुसार हैं:-

| क्रम सं. | पद का नाम | आयु (31.12.2025 को) | शैक्षणिक योग्यता | अनुभव एवं अन्य शर्तें |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एफ.एल.सी. काउंसलर | आयु सामान्यतः 45 वर्ष से अधिक एवं 65 वर्ष से कम होनी चाहिए | **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता**<br>1. यूजीसी से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक।<br>2. कंप्यूटर साक्षर होना आवश्यक – एम.एस. ऑफिस, इंटरनेट, स्थानीय भाषा का बुनियादी ज्ञान।<br>3. स्थानीय भाषा में प्रभावी संवाद करने की क्षमता।<br><br>**1.किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से स्केल 1 अधिकारी पद से सेवानिवृत्त/वीआरएस प्राप्त अधिकारी (SBI / RRBs) को प्राथमिकता दी जाएगी अथवा**<br><br>**2.बैंक के अतिरिक्त अन्य सरकारी/अर्धसरकारी कर्मचारी (जैसे सरकारी शिक्षक आदि) जिनके पास बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं का ज्ञान हो तथा प्रासंगिक IIBF प्रमाणन पाठ्यक्रम पूर्ण किया हो।** | आवेदक पूर्व नियोक्ता से बेदाग एवं संतोषजनक सेवा प्रमाण पत्र सहित सेवानिवृत्त हुआ हो।<br><br>अधिकारी अथवा कर्मचारी के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव अनिवार्य।<br><br>आवेदक उसी राज्य का निवासी होना चाहिए, अधिमानतः उसी अथवा आसपास के जिले का निवासी। |

आवेदक को संविदा आधार पर संतोषजनक कार्य निष्पादन के आधार पर एक वर्ष हेतु नियुक्त किया जायेगा ।एक वर्ष बाद सदस्य की सेवाओं का रिन्यूवल पूर्णतया बैंक के तत्कालीन नियमों, नीतियों के आधार पर बैंक के विशेषाधिकार (Sole discretion) पर किया जा सकता है ।

**2. संविदा राशि एवं अन्य यात्रा खर्च:** आवेदक को मासिक वेतन राशि **25000/-** रुपये एवं मोबाईल भत्ता **1000/-** रुपये के रूप मे दिया जायेगा , अन्य कोई अतिरिक्त लाभ, चार्जज, खर्च आदि देय नहीं होंगे।

**3.अवकाश:** आवेदक को प्रति वर्ष 15 दिन,प्रतिमाह 02 दिन का अवकाश स्वीकृत किया जा सकेगा

**4. जॉब प्रोफाइल:** चयनित आवेदक एफ.एल.सी., सिवान सारण और गोपालगंज के काउंसलर के रूप में कार्य करेंगे तथा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों का संचालन, ऋण परामर्श, सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं केंद्र से संबंधित समस्त कार्यों का निष्पादन करेंगे।

**5. चयन प्रक्रिया:** योग्य आवेदकों को व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा। साक्षात्कार हेतु बुलाने अथवा न बुलाने का निर्णय पूर्णतः बैंक प्रबंधन के विवेकाधिकार में होगा, जिसे किसी भी स्तर पर विवाद का विषय नहीं बनाया जा सकेगा।

**6. आवेदन की प्रस्तुति:** इच्छुक एवं पात्र आवेदक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र भरकर एक सीलबंद लिफाफे में भेजें।

लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से लिखें :"Application for the post of Recruitment as Counsellor for FLC on Contract Basis"

**आवेदन निम्न पते पर प्रेषित करें : क्षेत्रीय प्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय,पटेल चौक, सिवान,बिहार-841226.**

**7. आवेदन शुल्क: आवेदन शुल्क पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है।**

**8. सामान्य निर्देश:** केवल वही आवेदक आवेदन करें जो उपरोक्त सभी अर्हताएँ पूर्ण करते हों।आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारी सही एवं पूर्ण होनी चाहिए।यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि आवेदक निर्धारित अर्हताओं को पूर्ण नहीं करता था अथवा गलत/भ्रामक जानकारी के आधार पर चयन प्राप्त किया गया है, तो उसकी नियुक्ति बिना किसी पूर्व सूचना के तत्काल प्रभाव से निरस्त की जा सकती है।

योग्य मामलों में बैंक प्रबंधन को अर्हताओं में रियायत प्रदान करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।बैंक प्रबंधन को यह अधिकार भी सुरक्षित रहेगा कि वह उक्त पद को भरने या न भरने का निर्णय ले।

**9. आवेदन की अंतिम तिथि:** आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **06.02.2026** निर्धारित की जाती है।निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया CENTRAL BANK OF INDIA REGIONAL OFFICE, SIWAN क्षेत्रिय कार्यालय

**रुद्र दत्त**
**क्षेत्रीय प्रमुख**
**क्षेत्रीय कार्यालय सीवान**

## संविदा के आधार पर नियुक्ति सम्बन्धित सूचना

### क्षेत्रीय कार्यालय, सीवान

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया सामाजिक उत्थान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित **एफ.एल.सी.(Financial Literacy Centre),** मे निम्न पदों पर संविदा आधार पर एक वर्ष के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है:

| क्र. सं. | निम्न पदों पर नियुक्ति | पदों की संख्या | आवेदक |
|---|---|---|---|
| 01 | एफ.एल.सी. काउंसलर सिवान (FLC Counsellor,Siwan) | 1 | बिहार का मूल निवासी हो |
| 02 | एफ.एल.सी. काउंसलर सारण (FLC Counsellor,Saran) | 1 | बिहार का मूल निवासी हो |
| 03 | एफ.एल.सी. काउंसलर गोपालगंज (FLC Counsellor,Gopalganj) | 1 | बिहार का मूल निवासी हो |

आवेदन प्रारूप,आयु,योग्यता की विस्तृत जानकारी के लिए बैंक की वेबसाइट http://www.centralbankofindia.co.in का अवलोकन करें।

**अवेदन देने की अन्तिम तिथी 06.02.2026 सांय 5.00 बजे तक है।**

आवेदन सेंट्रल बैंक औफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय प्रथम तल, पटेल चौक , समाहरणालय के सामने, सिवान (बिहार) 841226 को कार्यालय कार्यदिवस में सीधे अथवा डाक द्वारा प्रेषित किया जा सकता है। आवेदन देने की अंतिम तिथि **06.02.2026 है।**

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया CENTRAL BANK OF INDIA REGIONAL OFFICE, SIWAN क्षेत्रीय कार्यालय, सिवान

**क्षेत्रीय प्रमुख**

**दिनांक : 21.01.2026**

**सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया**

**क्षेत्रीय कार्यालय सीवान**